सम-11014/7/2019-समन्वय
भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
(समन्वय प्रभाग)
****

# द्वितीय तल, कौशल भवन,
न्यू मोती बाग,
नई दिल्ली-110023
दिनांक: 17 जुलाई, 2023

कार्यालय ज्ञापन

विषयः कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय से संबंधित मंत्रिमंडल के लिए मासिक सारांश।

मुझे माह जून, 2023 के लिए महत्वपूर्ण कार्यकलापों का मासिक सारांश अंग्रेजी और हिंदी में, सूचनार्थ एततद्वारा द्वारा अग्रेषित करने का निदेश हुआ है।

संलग्नकः यथोक्त

जी॰ सजित कुमार
(जी. सजित कुमार)
उप सचिव, भारत सरकार

सेवा में:-
भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग

प्रतिलिपि सूचनार्थ:-
मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली -110001।

इस मंत्रालय की माह जून, 2023 के दौरान कुछ प्रमुख उपलब्धियां/पहलें इस प्रकार हैं:

1. कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के तत्वावधान में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) और राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) ने कौशल इकोसिस्टम को और अधिक दक्ष और क्रियाशील बनाने के लिए उद्योग की जरूरतों के मुताबिक क्षेत्रीय कौशल परिषदों (एससीसी) की पुनर्कल्पना और पुनर्रचना करके उन्हें अधिक कारगर व प्रभावी बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा करने के एक कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला में श्री अतुल कुमार तिवारी, सचिव, एसडीई, की उपस्थिति में उद्योग की जरूरतों को पूरा करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न जॉब के लिए उद्योग संचालित कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों की आवश्यकता पर चर्चा हुई। इस कार्यक्रम में सचिव, एसडीई ने भारत को एक प्रओद्योगिकी महाशक्ति बनाने के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण को साकार करने में सार्वजनिक-निजी क्षेत्र के सहयोग के महत्व पर बल दिया। उन्होंने करने पाठ्यक्रम विकास और अनुभवात्मक शिक्षण पाठ्यक्रमों को एकीकृत करने वाले एक केंद्रीकृत और परिणामोन्मुख दृष्टिकोण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला जिसमें क्षेत्र कौशल परिषद (एसएससी) एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

2. प्रधान मंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेला (पीएमएनएएम) : राज्यों/संघ-राज्य क्षेत्रों को सलाह दी गई है कि वे प्रत्येक दूसरे सोमवार को राज्य के कुल जिलों के एक तिहाई हिस्से में पीएमएनएएम का आयोजन करें ताकि सभी जिलों को तिमाही में एक बार और वर्ष में चार बार शामिल किया जा सके। राज्यों/संघ-राज्य क्षेत्रों को स्थानीय परिस्थितियों/त्योहारों आदि के आधार पर जिला/स्थान और मेले के दिन को चुनने की छूट दी गई है। तदनुसार, जून माह के लिए, पीएमएनएएम का आयोजन 12.06.2023 को किया गया था। इसके साथ ही, जून, 2022 से अब तक देश में 2,484 स्थलों पर पीएमएनएएम का आयोजन किया जा चुका है। कुल मिलाकर, उम्मीदवारों की संख्या 4.48 लाख तक पहुंच गई है और पीएमएनएएम में भाग लेने वाले प्रतिष्ठानों की संख्या 19,931 है। पीएमएनएएम शिक्षुता प्रशिक्षण के लिए एक एडवोकेसी मंच के रूप में भी कार्य करता है। पीएमएनएएम के बाद प्रत्येक माह, शिक्षुता अनुबंधों को अगले 20 दिनों के लिए ट्रैक किया गया और 3.34 लाख शिक्षुता अनुबंध पाए गए, जिनमें पीएमएनएएम बाह्य सृजित अनुबंध भी शामिल हो सकते हैं।

3. 1 जून, 2023 को माननीय कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री की उपस्थिति में डीजीटी और माइक्रोसॉफ्ट के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए और इसका औपचारिक रूप से आदान-प्रदान किया गया। इस सहयोग के तहत, माइक्रोसॉफ्ट एनएसटीआई और आईटीआई के 6000 छात्रों को पहले वर्ष के दौरान डिजिटल उत्पादकता कौशल, कृत्रिम बुद्धिमता, वेब एप्लिकेशन, क्लाउड कंप्यूटिंग, आदि जैसे उन्नत आईटी कौशल और साइबर सुरक्षा कौशल में प्रशिक्षित करेगा।

4. परियोजनाएं और कार्यशालाएं :

i. शिक्षुता कार्यशालाएं: शिक्षुता एजेंडे को आगे बढ़ाने और प्रमुख हितधारकों के बीच मौजूदा शिक्षुता स्कीमों के बारे में समुचित जागरूकता सुनिश्चित करने के लिए 250 शिक्षुता एडवोकेसी कार्यशालाओं की योजना बनाई गई है। मांग पक्ष और आपूर्ति पक्ष दोनों में शिक्षुता की ब्रांडिंग और संचार में सुधार लाने के उद्देश्य से कुल 183 ऐसी कार्यशालाओं (जनवरी, 23 में 13 फरवरी, 23 माह में 49, मार्च '23 माह में 48 माह, अप्रैल '23 माह में 37, मई '23 माह में 29 और जून 23 में 7) का आयोजन किया गया है। कार्यशाला आईटीआई के अलावा अन्य शैक्षणिक संस्थाओं के छात्रों को जुटाने पर भी ध्यान केंद्रित करती है।

ii. शिक्षुता प्रशिक्षण की स्थिति: जून, 2023 माह के दौरान प्रतिष्ठानों द्वारा नियुक्त नए शिक्षुओं की संख्या 71,518 है और चालू वित्तीय-वर्ष 2023-24 के दौरान कुल शिक्षुओं की संख्या 1,93,649 है। हालांकि, 30 जून तक जारी में यह संख्या प्रशिक्षण 6.39 लाख है। 30 जून 2023 तक शिक्षुओं को नियुक्त करने वाले प्रतिष्ठानों की कुल संख्या 40,190 है।

iii. निमी, क्वेस्ट एलायंस और टाटा स्ट्राइव के सहयोग से टीओटी रोजगार कौशल पर 5-दिवसीय ऑफ-कैंपस प्रशिक्षण कार्यक्रम। देश भर में अब तक कुल 1270 आईटीआई/एनएसटीआई प्रशिक्षकों/अनुदेशकों को प्रशिक्षित किया गया है और प्रशिक्षकों के इन समूहों को बाद में राज्यों में रोजगार कौशल के अन्य प्रशिक्षकों/अनुदेशकों को प्रशिक्षित करने के लिए नियुक्त किया जा सकता है।

iv. देश भर में डॉन बॉस्को समूह के 20 प्राचार्यों/उप- प्राचार्यों/वरिष्ठ प्रशिक्षकों के लिए "संगठन और प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान (ओएमटीआई)" पर 3 दिवसीय अनुकूलित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

5. **महत्वपूर्ण बैठकें और सम्मेलन :**

i. प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना 2.0 और 3.0 (पीएमकेवीवाई 2.0 और 3.0) के वास्तविक और वित्तीय समापन की समीक्षा के लिए क्रमशः 8 जून, 2023 और 9 जून, 2023 को एनएसडीसी और एसएसडीएम के साथ अपर सचिव, एमएसडीई की अध्यक्षता में दो बैठकें आयोजित की गईं। इस बैठक में, एनएसडीसी और एसएसडीएम से प्रतिबद्ध देयताओं को क्लियर करने और दिनांक 15.06.2023 तक उपयोग प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया।

ii. सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के साथ बैठक: ट्रांसजेंडर समुदाय के सशक्तिकरण के लिए आजीविका और वृद्धावस्था देखभालकर्ताओं के प्रशिक्षण के लिए कौशल विकास और आजीविका पर चर्चा करने के लिए 16 जून, 2023 को अपर सचिव, एमएसडीई की अध्यक्षता में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के साथ एक बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में राष्ट्रीय सामाजिक रक्षा संस्थान (एनआईएसडी), राष्ट्रीय कौशल विकास निगम, घरेलू कामगार क्षेत्र कौशल परिषद (डीडब्ल्यूएसएससी) और स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र कौशल परिषद (एचएसएससी) के प्रतिनिधि शामिल हुए।

iii. नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में कौशल संबंधी संकेन्द्रण कार्यनीति पर चर्चा करने के लिए 26 जून 2023 को नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के साथ अपर सचिव, एमएसडीई की अध्यक्षता में एक वर्चुअल बैठक आयोजित की गई थी।

iv. 30वीं एनएसक्यूसी बैठक 23 जून, 2023 को कौशल भवन, करोल बाग, नई दिल्ली में एनसीवीईटी के अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में सीटीएस के दूसरे वर्ष के लिए एक एनओएस 'रोजगार कौशल' को कार्यान्वयन हेतु अनुमोदन दिया गया है।

6. 21 जून, 2023 को पूरे देश में 288 जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया, जिसके माध्यम से जेएसएस के लाभार्थियों ने जेएसएस द्वारा आयोजित कार्यविधियों में भाग लिया।

7. निम्नलिखित पोर्टल लॉन्च किए गए:

i) जी-20 जनभागीदारी कार्यक्रम के लिए जून 2023 माह में आईटीआई द्वारा आयोजित कार्यविधियों का आंकड़ा एकत्र करने के लिए नए पोर्टल (https://dgt.gov.in/janbhagidari) का विकास।

ii) अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम 2023 के उत्सव के लिए जून, 2023 माह में आईटीआई द्वारा आयोजित कार्यविधियों का आंकड़ा एकत्र करने के लिए नए पोर्टल (https://dgt.gov.in/iyd2023) का विकास।

8. जून, 2023 के पहले और दूसरे सप्ताह के दौरान देश भर में जी20 आयोजनों के एक भाग के रूप में जागरूकता अभियान चलाए गए। 256 जेएसएस द्वारा कुल 4562 कार्यविधियाँ आयोजित की गईं और 3,11,047 प्रतिभागियों ने इन कार्यविधियों में भाग लिया। कार्यविधियों में प्रभात फेरी, वृक्षारोपण अभियान, स्वच्छता अभियान, कौशल प्रदर्शन प्रतियोगिता, साइक्लेथॉन, पर्यावरण दिवस आदि शामिल थे।

9. कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के अंतर्गत प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) ने शिल्पकार प्रशिक्षण स्कीम (सीटीएस) और शिल्प प्रशिक्षक प्रशिक्षण स्कीम (सीआईटीएस) प्रारूपों के तहत-सत्र 2023-24 के लिए प्रवेश खोल दिए हैं। पंजीकरण प्रक्रिया, जो 1 जून 2023 को शुरू हुई, को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है और 35,000 से अधिक इच्छुक उम्मीदवार पहले ही डीजीटी पोर्टल पर पंजीकृत हो गए हैं।

10. कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) ने क्लस्टर-आधारित प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण (टीओटी) के माध्यम से उच्च कुशल प्रशिक्षकों का एक पूल बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए, ऑटोमोटिव क्षेत्र विकास परिषद (एएसडीसी), जीआईज़ेड-आईजीवीईटी और महाराष्ट्र राज्य कौशल विकास मिशन (एमएसएसडीसी) के सहयोग से परियोजना शुरू की। 98 प्रशिक्षकों वाले अंतिम 4 बैचों को 10 जून, 2023 को पुणे में एएसडीसी द्वारा आयोजित एक दीक्षांत समारोह के माध्यम से प्रमाणित किया गया था। आजीविका संवर्धन हेतु कौशल अर्जन और ज्ञान जागरूकता (संकल्प) के राष्ट्रीय घटक के भाग के रूप में विकसित,

प्रशिक्षकों को ऑटोमोटिव क्षेत्र विकास परिषद और आईजीसीसी (जर्मन प्रमाणन एजेंसी) द्वारा आकलन के बाद दोहरा प्रमाण-पत्र प्राप्त हुआ।

11. उपर्युक्त पहलों के अलावा, सभी डिलिवरेबल्स के त्वरित निपटान में अत्यधिक तत्परता और दक्षता सुनिश्चित करने के लिए जारी आंतरिक उपायों के माध्यम से कार्य निष्पादन को युक्तिसंगत बनाने की प्रक्रिया जारी रही।

******